हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, सोमवार, जून 24, 2024

11 बेरी विधानसभा कार्यकर्ताओं ने किया धर्मेंद्र प्रधान का स्वागत



12 सैनीपुरा से शास्त्री नगर तक गंदे पानी से बने ...



## खबर संक्षेप

### भापड़ौदा से बरामद हुई अवैध शराब

**बहादुरगढ़।** थाना आसौदा पुलिस ने गांव भापड़ौदा से छारा रोड पर बनी एक दुकान में रखी अवैध शराब बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर दुकान में जाकर जांच की तो सफेद कट्टे में ताजा संतरा स्पेशल मसालेदार मार्का कुल 96 पव्वे देशी शराब तथा गत्ते की पेटी में 6 अद्धे अंग्रेजी शराब मार्का वाईट एंड ब्ल्यू प्रीमियम विहस्की तथा 6 अद्धे शराब अंग्रेजी मार्का आफिसर च्वाइस ब्ल्यू सुपीरियर विहस्की बरामद हुई। इसके संबंध में गांव निवासी ओमबीर कोई लाइसेंस व परमिट पेश नही कर सका। उसके विरुद्ध एक्साइज एक्ट की धारा 61-04-2020 के तहत अभियोग अंकित किया गया है।

### घर वापस नहीं लौटा 11 वर्षीय बच्चा

**बहादुरगढ़।** शहर की रंजीत कॉलोनी में रहने वाला 11 वर्षीय बच्चा शुक्रवार को घर से निकला था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार बिहार मूल के अनुज कुमार 11 वर्षीय पुत्र दिव्यांशु कुमार शुक्रवार 21 जून को घर पर किसी को बताए बिना कहीं चला गया। तलाश करने के बाद भी वह नहीं मिला तो पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने आईपीसी की धारा 365 के तहत केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

### छोटूराम नगर में नकदी फोन व आभूषण चोरी

**बहादुरगढ़।** शहर के छोटूराम नगर में रहने वाला प्रवासी परिवार काम पर गया हुआ था तो पीछे से उनके कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात आरोपी नकदी, मोबाइल व आभूषण चुरा ले गए। जानकारी के अनुसार मूल रूप से बिहार के दरभंगा का निवासी विधाता साहनी बहादुरगढ़ के छोटूराम नगर में किराए पर रहता है। वह शुक्रवार को अपनी पत्नी गुड़िया, मां गीता देवी, साली नेहा व खूशबू के साथ काम पर गया हुआ था। जब वे शाम को घर लौटे तो कमरे का ताला टूटा हुआ था। कमरे में रखे 15 हजार , मोबाइल, मंगलसूत्र, एक जोड़ी कान के झुमके, एक जोड़ी चांदी की पाजेब गायब मिली। पुलिस ने शिकातय पर केस दर्ज किया है।













झज्जर। परीक्षा केंद्र के बाहर तैनात पुलिसकर्मी। परीक्षा केंद्र के बाहर पढ़ाई करते हुए परीक्षार्थी। परीक्षा केंद्र के बाहर नोटिस बोर्ड पर रोल नंबर देखते हुए परीक्षार्थी। परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े अभिभावक। परीक्षा केंद्र के बाहर अभिभावक को परीक्षार्थी के साथ जाने के लिए रोकते हुए पुलिसकर्मी।

# 58 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने दी एनईईटी पुनः परीक्षा

## केंद्रीय विद्यालय और डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में बनाए गए थे परीक्षा केंद्र, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- सुबह परीक्षार्थियों के चेहरे पर उदासी और सांय दिखी खुशी

जिला मुख्यालय पर रविवार को दो परीक्षा केंद्रों पर आयोजित एनईईटी परीक्षा शांतिपूर्वक रूप से संपन्न हुई। एनईईटी परीक्षा को लेकर झज्जर में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल और केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाए गए। दोनों परीक्षा केंद्रों पर कुल 494 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में शामिल होना था। लेकिन दोनों परीक्षा केंद्रों पर कुल 287 परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा दी। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में 312 परीक्षार्थियों में से 178 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 134 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं केंद्रीय विद्यालय में 182 परीक्षार्थियों में से 109 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 73 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर 58 प्रतिशत परीक्षार्थी ही परीक्षा देने के लिए पहुंचें। उधर, परीक्षा केंद्रों के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे, गहन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने दिया गया। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने परीक्षा शुरू होने से पूर्व परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए जायजा लिया। केंद्रीय विद्यालय और डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर जब सुबह बच्चे अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा देने पहुंचे तो उनके चेहरे पर उदासी स्पष्ट दिखाई दे रही थी। लेकिन सांय परीक्षा समाप्त होने पर उनके चेहरे पर खुशी दिखाई दी। परीक्षार्थी चिराग, कुसुम ने बताया कि पिछली बार की अपेक्षा पेपर अच्छा हुआ है। पेपर इतना लंबा नहीं था, जितना पिछली बार था। अबकि बार पहले से ज्यादा नंबर आने की उम्मीद है।

वहीं परीक्षार्थी जतिन ने बताया कि फिजिक्स के प्रश्न पिछली बार की तुलना में ज्यादा मुश्किल थे, इतना जरूर रहा कि पेपर लंबा नहीं था। इसके अलावा परीक्षार्थी रिदम ने बताया कि उनके लिए तो पेपर सेम ही रहा। तैयारी पहले भी अच्छी थी और अब भी। लेकिन परीक्षा परिणाम आने के बाद कुछ तनाव जरूर महसूस हुआ। लेकिन पापा सहित सभी परिजनों ने पूरा सपोर्ट किया।







झज्जर। परीक्षा केंद्र के बाहर कान की बाली उतारती परीक्षार्थी। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने जाते परीक्षार्थी। परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था का जायजा लेते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह। फोटो : हरिभूमि

### अभिभावकों को सता रहा तीसरी बार परीक्षा होने का डर

परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चितिंत दिखाई दिए। अभिभावकों का कहना रहा कि किसी का क्या बिगड़ा है परेशानी तो बच्चों और उनके माता-पिता को हो रही है। अब भी यह डर सता रहा है कि कहीं यह परीक्षा रद्द न हो जाए और बच्चों को तीसरी बार परीक्षा देनी पड़े।

### डीसी ने लिया स्थिति का जायजा

डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने परीक्षा को लेकर स्थिति का जायजा लेते हुए परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का बारीकी से मूल्यांकन किया। परीक्षा केंद्रों के बाहर 200 मीटर की परिधि में किसी प्रकार का बाहय हस्तक्षेप ना हो,इसके लिए धारा 144 लागू की गई थी। परीक्षा रविवार को दोपहर दो बजे शुरू होकर शाम पांच बजकर 20 मिनट पर संपन्न हुई।

# बाग में लगे अमरूद के पेड़ों पर चली आरी, झोपड़ी में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव माजरा डी में अमरूद के बाग में बनाई गई झोपड़ी को आग लगाने व पेड़ों को काटने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में माजरा डी गांव निवासी कृष्ण पुत्र श्रीराम ने बताया कि उसने दस एकड़ जमीन में अमरूद का बाग लगा रखा है। अपनी सुविधा के लिए उसने एक झोपड़ी भी बना रखी है। बीती 16 जून को उसकी झोपड़ी में गांव के ही कुछ लोगों ने आग लगा दी जिस कारण झोपड़ी में रखा बहुत सा सामान जल कर राख हो गया। इसके उपरांत 21 जून को जब वह बाग में गया तो उसने देखा कि बाग में लगे सभी अमरूद के पेड़ों को भी काट दिया गया है। कृष्ण के अनुसार बीस जून की रात गांव के ही लोगों ने उसके बाग में लगे अमरूद के पेड़ों को काट कर नष्ट किया है। वे आरोपियों द्वारा उसको धमकी भी दी जा रही है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार मामले की छानबीन शुरू कर दी है।





झज्जर। सूखा पड़ा अमरूद का पेड़ तथा आग लगने के बाद नष्ट हुई झोपड़ी।

**परिवार की सहमति से बनाया था बाग :** कृष्ण ने बताया कि करीब सात वर्ष पहले उसने पंचायत करके तीनों परिवारों की सहमति से बाग लगाया था। आरोपियों ने जहां उसके बाग में लगे अधिकांश पेड़ों पर आरी चला कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया वहीं कई पड़ों को पूर्णतया भी काट डाला।

# भाजपाइयों ने किया धर्मेंद्र प्रधान और बिप्लब देब का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- दिल्ली से रोहतक जाते समय पंडित श्रीराम शर्मा मेट्रो स्टेशन के नीचे बहादुरगढ़-बादली के कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब का रविवार को दिल्ली से रोहतक जाते वक्त भाजपाइयों ने बहादुरगढ़ में जोरदार स्वागत किया। पंडित श्रीराम मेट्रो स्टेशन पर पूर्व विधायक नरेश कौशिक के नेतृत्व में उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा व पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेंद्र दलाल भी विशेष रूप से मौजूद रहे।





बहादुरगढ़। धर्मेंद्र प्रधान और बिप्लब कुमार देब का स्वागत करते भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

रोहतक में भाजपा (मंगल कमल) कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जा रहे धर्मेंद्र प्रधान और बिप्लब कुमार देब बहादुरगढ़ में भी कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। उन्होंने भाजपाइयों में जोश का संचार किया। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि वे जिले के सभी वर्करों से विधानसभा अनुसार मिलेंगे और उनके सुझावों को लेकर रणनीति बनाएंगे। उनके अनुसार भाजपा कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। बिप्लब कुमार देब ने भी कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का आह्वान किया। इस मौके पर भाजपा नेता आदित्य धनखड़, पंकज जैन, नवीन बंटी, रविंद्र छिल्लर बराही, एडवोकेट बलबीर दलाल, नरेश भारद्वाज, भीम सिंह प्रणामी, संदीप मलिक और रत्न सागर आदि मौजूद रहे। वहीं भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने बाइपास पर एचएल सिटी के सामने अपना अलग से कार्यक्रम कर धर्मेंद्र प्रधान और बिप्लब कुमार देब का स्वागत किया।

# फोन व नकदी छीनने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- आरोपियों ने प्राथमिक पूछताछ में वारदात का खुलासा कर दिया

एक व्यक्ति का मोबाइल फोन और नकदी छीनने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया। सेक्टर-9 चौकी प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि बिहार का मूल निवासी महेश सत्यम पुरम कॉलोनी में किराए पर रहता है। उसने सेक्टर-9 मोड़ पर चाय की दुकान कर रखी है। वह 21 जून टीकरी बॉर्डर से लौट रहा था तो सैनिक स्कूल के नजदीक मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उसका रास्ता रोक दिया। फिर उसका मोबाइल फोन और पैसे छीनकर फरार हो गए। इस मामले में मनीष व प्रविंद्र निवासी कानौंदा को पकड़ा गया है। आरोपियों ने प्राथमिक पूछताछ में वारदात का खुलासा कर दिया। उनके कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और छीनी गई नगदी में से 900 रुपए बरामद किए गए हैं। दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# क्रॉस कंट्री में दौड़े धावक, हरिद्वार तक आए-गए साइकिलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रविवार को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप ने दौड़ और साइकिलिंग गतिविधि का आयोजन किया। बीआरजी के साइकिलिस्ट जयदेव राठी, नितिन अत्री, पवन गौतम और अजमेर हुड्डा ने शुक्रवार रात को हरिद्वार-ऋषिकेश का रुख किया। रविवार सुबह तक वे बहादुरगढ़ से हरिद्वार-ऋषिकेश तक 570 किमी की राइड पूरी कर लौटे।

दरअसल, 23 जून 1894 में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना की गई थी। तब से ही दुनियाभर में इसे उत्सव की तरह मनाया जाता है। दीपक छिल्लर ने बताया कि रविवार सुबह बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने सेक्टर-9 स्थित बीआरजी प्वॉइंट से क्रॉस कंट्री दौड़ लगाकर ओलंपिक दिवस मनाया। ओलंपियन कर्नल संतकुमार की अगुवाई में क्रॉस कंट्री का आयोजन किया गया। नवनीत दलाल, प्रवेश, प्रमोद भारद्वाज, सुरेंद्र दलाल, सुरेश राठी, संदीप, प्रवीन सांगवान, सुनील बेनीवाल, एनके शर्मा, अजय कंडोल, सागर ओहल्यान, धर्मवीर सेन, बिजय सिंह, दीपक गुलिया, राय सिंह, जगजीत राठी, शिव कुमार, जगदीश राठी, यश, राकेश छिकारा, अनिल शरण विनय, दलबीर, सुशील, नवीन महलान, अनिल शर्मा, अमित गहलोत, दीपक धनखड़, अजीत, राहुल छिकारा, राकेश दलाल, ब्रह्मप्रकाश मान, नवीन राणा, राजकुमार मोर, सुनील बेनीवाल, संदीप दहिया, अमरनाथ, रत्न, पुष्कर, शरनाम सिंह, नरेंद्र, रणबीर, रविंद्र दहिया, शमशेर, विनोद, मुकेश दहिया, मोहन, राजेश व नरेंद्र ने क्रॉस कंट्री में दौड़ लगाई।



बहादुरगढ़। क्रॉस कंट्री के बाद बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

# संदीप को गोली मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शुक्रवार को घर से ड्यूटी पर (दादनपुर पंप हाउस) जा रहे वाटर ऑपरेटर संदीप को गोली मारने के मामले में बादली थाना पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कुछ समय पहले आपसी पारिवारिक विवाद की रंजिश के कारण इस वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपियों से वारदात में प्रयोग स्विफ्ट गाड़ी बरामद की गई।

बादली थाना प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि वाटर ऑपरेटर संदीप 21 जून को अपनी ड्यूटी पर दादनपुर पंप हाउस के लिए घर से निकला था। पाहसौर गांव के बस स्टैंड के नजदीक पीछे से स्विफ्ट गाड़ी आई और उसकी बाइक का रास्ता रोक दिया। कार में उसके गांव के रॉबिन, सज्जन, प्रशांत व एक अन्य व्यक्ति मौजूद थे। उन्होंने पिस्तौल निकाल कर संदीप पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिए। एक गोली उसकी बाजू पर लगी और वह भाग कर झाड़ियों में छिप गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद प्रशांत निवासी बादली व पंकज निवासी मुंडाखेड़ा को गिरफ्तार किया।

**विडंबना**

**सुबह सवा 7 बजे बंद हुआ था शीतला माता फीडर, शाम सवा 4 बजे के बाद सुचारू हुई विद्युत आपूर्ति**

# रविवार को छुट्टी पर रही लाइट, अफसरों पर छाई बेफिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से रामभरोसे चल रही है। शहरवासियों की रातों की नींद और दिन का चैन छिन गया है, लेकिन अधिकारियों की बेहोशी टूटने का नाम नहीं ले रही है। हालत यह है कि घोषित और अघोषित कटौती से लोगों का जीना हराम हो गया है। रविवार को सुबह सवा 7 बजे शीतला माता फीडर पर बिजली आपूर्ति छुट्टी पर चली गई। दोपहर सवा एक बजे लाइट चालू हुई, लेकिन आधे घंटे बाद ही गुल हो गई और 4 बजकर 10 मिनट पर लाइट के दर्शन हुए।

जी हां, भीषण गर्मी के चलते बिजली आपूर्ति पिछले दो महीने से बेपटरी हो गई है। शहर में भीषण गर्मी के चलते निर्धारित 24 घंटे बिजली आपूर्ति का रोस्टर दिखावा साबित हो रहा है। कभी लोकल फॉल्ट, कभी ओवरलोड, कभी फ्यूज उड़ने और कभी शट डाउन के नाम पर दिन में कई-कई बार आपूर्ति बंद की जा रही है। इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा है। रविवार को पुराने कोर्ट परिसर में मेन लाइन बदलने में 6 घंटे लग गए। सुबह 7 बजकर 20 मिनट पर विद्युत आपूर्ति बंद की गई थी और दोपहर एक बजकर 20 मिनट पर बहाल की गई। इसके बाद आधा घंटा लाइट आई और एक बजकर 50 मिनट पर फिर बिजली गुल हो गई। फिर 2 घंटे 20 मिनट बाद 4 बजकर 10 मिनट पर लाइट ने दर्शन दिए। रोज-रोज हो रही कटौती से शहर से लेकर गांवों तक लोगों में बिजली निगम अधिकारियों के प्रति खासा आक्रोश व्याप्त है।

शहर के मेन बाजार, कबाड़ी मार्केट, धर्मपुरा, नजफगढ़ रोड और जटवाड़ा मौहल्ला आदि इलाके में करीब साढ़े 8 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। हितेश चुघ, अनुराग व अनिल ने बताया कि बिजली आपूर्ति का कोई समय ही निर्धारित नहीं है। दिन में कितनी बार आपूर्ति बंद की जाती है, गिनना भी मुश्किल है। शिकायत केंद्र का नंबर लगातार व्यस्त रहता है और अधिकारियों से पूछने पर कोई सही जवाब ही नहीं मिलता है। जिससे समस्या झेलने को मजबूर हैं।



बहादुरगढ़। पुराने कोर्ट परिसर में बदली जा रही बिजली की मेन लाइन।

### चिड़चिड़े हो रहे लोग

विद्युत आपूर्ति ठप होने के बाद उपकरण बंद होते ही लोगों की नींद उड़ जाती है। इससे उनके स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ रहा है। रातभर नहीं सोने से कई बार सुबह वक्त पर नींद नहीं खुल पाती। इससे लोगों को ऑफिस पहुंचने में देरी हो जाती है। इससे लोग तनाव में आ रहे हैं। लोगों के व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ रहा है।

### अधिकारी नकारात्मक

अधिकारियों का रवैया पूरी तरह नकारात्मक है। बिजली शिकायत केंद्र के मोबाइल नंबर-9138959316 व 9138959317 लगातार व्यस्त रहते हैं। रिंग जाने पर ऑपरेटर फोन डिस्कनेक्ट कर देता है और नंबर फिर से व्यस्त हो जाता है। जबकि विद्युत आपूर्ति की शिकायत करने के बावजूद उपमंडल अभियंता तथा कनिष्ठ अभियंता बिजली शिकायत केंद्र के नंबर बताकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर देते हैं।

# ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस की 49 टीमों ने विभिन्न मामलों में 27 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- दो अवैध देशी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस व 11 अवैध देशी शराब की बोतल बरामद

रविवार को जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण के लिए ऑपरेशन आक्रमण चलाया। डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रबंधक, चौकी प्रभारी, सीआईए,एनसी की विभिन्न 49 टीमों का गठन किया गया। जिसमें 214 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपराधियों कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों के 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनमें स्पेशल स्टॉफ झज्जर की पुलिस टीम द्वारा थाना बेरी के एरिया से दो आरोपियों को दो अवैध देशी पिस्तौल व दो जिंदा कारतूसों के साथ पकड़ा। वहीं थाना दुजाना के एरिया से एक व्यक्ति को अवैध देशी शराब की 11 बोतलों के साथ पकड़ा गया। इसके अलावा दो पीओ, छह बेल जंपर व 16 अन्य मामलों के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।



झज्जर। यातायात नियमों की अवेहलना करने पर चालान करते हुए पुलिसकर्मी।

### 105 चालकों के चालान किए गए

वहीं यातायात नियमों की पालन न करने पर 105 चालकों के चालान किए गए। जिनमें से लेन चेंज के बीस चालकों के चालान किए गए। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की अपराधिक वारदात को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## जनजीवन के दृश्यों को महत्व

रेनू व हिमानी के चार चित्रों में प्रकृति सुषमा के साथ-साथ जनजीवन के दृश्यों को महत्व दिया है। प्रकृति व संस्कृति का अद्भुत तालमेल होता है। यहीं सामंजस्य इन बाल कलाकारों ने अपने चित्रों में दिखाया है। अनुराधा, रितू, सीमा व सूरजमुखी ने अपने चित्रों में हमारे समाज में फैली बुराइयों के खिलाफ रंगों के माध्यम जंग लड़ी है। इससे पता चलता है कि समाज में कोढ़ की तरह फैली बुराइयां इन्हें कौंधती हैं। बाल कलाकार सीमा प्रकृति प्रेमी है। उसने एक चित्र में सूर्योदय के समय टहनी पर बैठा पक्षी युगल जैसे सुख-दु:ख की बातें कर रहा हो, बनाया है।

# बच्चों की कूची से निकले मुंहबोलते संदेश

**बालमन सामाजिक समस्याओं को लेकर संजी रहते हैं। जब उन्हें इस पर अपनी इच्छा से अभिव्यक्ति की आजादी दी जाती है तो वे लेखन या चित्रों के माध्यम में वे तस्वीरें उकेर देते हैं जिनकी कई बार बड़े कल्पना भी नहीं रि सकते। पेंटिंग भावनाओं की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है जो दर्शक को भीतर तक झकझोर कर रख देता है।**

कला | डॉ. सुमन कादयान

कला के शिखर पर पहुँचने के बाद विश्व विख्यात चित्रकार पिकासो ने कहा था, 'मैं किसी भी बड़े कलाकार की नकल कर सकता हूँ, किन्तु बच्चों की कला की नकल नहीं कर सकता।' उन्होंने यह इच्छा भी जाहिर की थी कि मैं बच्चों जैसे चित्र बनाना चाहता हूँ। पिकासो की इस इच्छा से ज्ञात होता है कि पिकासो बच्चों को साधारण चित्रकार नहीं मानते थे और वो यह भी समझते थे कि बिना किसी दबाव या प्रभाव के, नितांत मौलिक ढंग से चित्र बनाना बालमन से ही सम्भव है। बच्चों द्वारा खेल-खेल में सृजित चित्रों को बाल चित्रकला के अंतर्गत रखते हैं। उनके द्वारा चित्रित कलाकृतियां कई मायनों में उल्लेखनीय होती हैं।

बच्चों द्वारा बनाए चित्रों के पीछे भी एक तार्किकता होती है तथा इसके मनोवैज्ञानिक अध्ययन से उनकी मनोवृत्ति का स्पष्ट आभास मिल सकता है। यह सत्य है कि बच्चों में ड्राईंग के प्रति स्वाभाविक रुझान होता है। जब बच्चों में चित्र बनाने की बात छेड़ी जाए तो उनमें अनायास ही उत्साह आ जाता है तथा चित्र बनाने के लिये लालयित हो जाते हैं। चित्र बनाते समय उन्हें आनन्दानुभूति होती है। नई स्फूर्ति जागृत होती है। ऐसा माना जाता है कि बालक के अपरिपक्व मस्तिष्क में जो विचार कौंध रहे होते हैं अथवा जो भावनाएं उनके अंतर्मन को किसी एक क्षण में आंदोलित कर रही होती हैं, रेखाएं उसके हाथ उन्हीं का आकर लेगी।



### देशभक्ति के भाव जगाते चित्र

ग्यारहवीं कक्षा की खुशी एक कुशल चित्रकार है। उसने शहीद भगत सिंह, छत्रपति शिवाजी के सुन्दर चित्र बनाए हैं जो देशभक्ति के भाव जगाते हैं तो वीरता का एहसास करवा रहें है। एक चित्र में श्रीमद्भगवत गीता के महत्त्व व हमारे जीवन पर उसके प्रभाव को खूबसूरती से दिखाया है। एक अन्य चित्र में दिखाया है कि सिगरेट का धुआं जीवन को काला करके जीवन में खुशहाली के समस्त रंग गायब कर देता है। नौवीं कक्षा की मोनिका ने सूर्योदय-सूर्यास्त के समय का स्वर्णिम वातावरण तथा बसन्त के इन्द्र धनुषी रंग कुशलता से चित्रित किए हैं।

**अनदेखी**

**पटाखे बजाना शान समझते हैं लोग, जहरीली हो रही शहरों गांवों की आबोहवा**

**कब्जा**

**अपने कुछ देर के शौक के लिए ऐसे लोगों का दम घोट देते हैं, जिनको सांस की बीमारी है**



### चित्रों में अभिव्यक्ति की तार्किकता

बाल चित्रकारों के मन पर आसपास के वातावरण का प्रभाव भी पड़ता है। जो बच्चा देखता है, भोगता है या महसूस करता है उसे अपने चित्रों में स्थान देता है। हालांकि बच्चों की चित्रकारी के मुख्य विषय पेड़ पौधे, चिड़िया, बिल्ली, चूहा, पहाड़, झरने, पतंग, झूले, तितली, बादल, फूल आदि होते हैं, किन्तु थोड़ी परिपक्वता आने पर बच्चा या किशोर पूरे परिवेश को जानने, समझने लगता है। उसकी यही परिपक्वता उसके चित्रों में आने लगती है। वह सामाजिक बुराइयों, आडम्बरों, बढ़ते प्रदूषण, छल-कपट को अपने चित्रों के विषय बनाकर उनके खिलाफ लड़ना आरम्भ करता है, तो पर्यावरण सरंक्षण पर गम्भीरता से सोचता है। बच्चों के चित्रों में उनकी अभिव्यक्ति झलकती है। ऐसी ही अभिव्यक्ति की झलक, पर्यावरण व भटकते हुए समाज की चिन्ता पिछले दिनों छात्राओं द्वारा बनाई पेंटिंग प्रदर्शनी में देखने को मिली। बाल व किशोर कलाकारों द्वारा बनाए चित्र मात्र रंग-ब्रुश, स्कैट या मोम रंगों से बनाए चित्र भर नहीं थे, बल्कि इन चित्रों को बनाते समय छात्राओं ने गहरे विवेक, बेहतरीन सोच व कला दक्षता का प्रमाण दिया है। इन चित्रों को बनाने के पीछे छात्राओं की सकारात्मक सोच, समाज व पर्यावरण की चिन्ता साफ झलकती है। चित्रों को देखने, परखने पर ज्ञात होता है कि वो समाज से बुराइयों को उखाड़कर अमन-चैन, समानता, भाईचारा चाहती हैं। वो प्रदूषित नहीं बल्कि साफ-सुथरा व हरा-भरा वातावरण चाहती हैं। ये कलाकार नहीं चाहते कि हम जिस समाज में रहते हैं वो कुण्ठित, नकारात्मक, द्वेषी, स्वार्थी हो। इन बाल व किशोर चित्रकार छात्राओं के चित्र गहराई से देखते हैं तो बड़ों को भी सोचने-समझने पर मजबूर कर देते हैं।

### प्रकृति की सत्ता के दर्शन

बारहवीं कक्षा की छात्रा करिश्मा द्वारा बनाए कई चित्रों में प्राकृतिक सौन्दर्य कुदरत का करिश्मा, प्रकृति की सत्ता को दर्शाया है। एक पेंटिंग में गहरे जंगल के बीच से बहती नदी से एक बाघ पानी पीकर अपनी प्यास मिटा रहा है। बाघ पानी पीता-पीता नदी में तैर रही दो बड़ी बत्तखों को भी देख रहा है। जंगल के बीच से हरे पड़ों के ऊपर नीले आसमान में कुछ बादलों के झुण्ड दिखाई दे रहे हैं। जैसे वे जल्दी ही पूरे आसमान में छाकर पानी बरसा कर पूरे जंगल की प्यास मिटाने की तैयारी कर रहे हैं। नदी के पानी में पेड़ों व बादलों का सुन्दर बिम्ब आकर्षण पैदा कर रहा है।

### नशे से दूर रहने के संदेश

एक अन्य छात्रा सुशीला ने एक शहर की बहुमंजिला कंकरीट की इमारतें, सड़क पर वाहनों की भरमार तथा उनसे निकलने वाला जहरीला धुआं दम घोटता दिखाया है। किशोर कलाकार ने दिखाया है कि बढ़ती इमारतों के कारण जंगल कम हो रहे हैं। पीने का पानी भी जहरीला व कम हो रहा है। लाल रंग से बनाया आसमान खतरे का संकेत है। कलाकार ने पानी बचाने की प्रेरणा भी दी है। दूसरी पेंटिंग में नशे के दुष्परिणाम को दर्शाया है कि जो नशा करता है उसका मान-सम्मान, धन, स्वास्थ्य सब कुछ प्रभावित होता है तथा परिवार को भी भुगतना पड़ता है। बारहवीं कक्षा की ही छात्रा पूनम ने भारी जंगलों से लदे पहाड़ों के सामने बनी प्राकृतिक झील में छोटे से टापू पर एक नव युवती पत्थर पर बैठी प्राकृतिक सुषमा का रस-पान कर रही हैं। ठण्ड का एहसास करने के लिए पैर पानी में डुबाए हुए है। दोनों ओर भारी जंगल, फूलों से लदी जंगली झाड़ियां, दूसरी ओर साफ नीले पानी की झील तथा पीछे ग्लेशियरों से अटी पड़ी पर्वत चोटियाँ चित्र को सुन्दरता व आकर्षण पैदा कर रहे हैं। जंगल के आगे मादा जेबरा व उसका बच्चा निश्चिंत खड़े दिखाए हैं। एक अन्य पेंटिंग में कुछ कटे हुए, कुछ सूखे हुए पेड, काले रंग में दिखाए हैं। जमीन पेड़ो के बिना बन्जर, धूसर,लाल-पीले रंग में दिखाई है। इसका असर आसमान पर भी नजर आ रहा है।

---

कविता | निधि राठी



## पुराना मकान

एक घर था जो ढह गया,
एक वक्त था जो बीत गया,
अब दीवारों से खिलखिलाहट झड़ने लगी है,
मेरी यादें मुझसे मुंह मोड़ने लगी हैं।

सब कुछ तो छोड़ जाना है एक दिन,
फिर क्या तेरे संग क्या तेरे बिन,
कुछ ऐसे गिन कर दिन गुजार रही हूं,
मानो किसी का क़र्ज़ उतार रही हूं।

वो रह गया अंदर जो कहना था,
कुछ सह चुके थे,
पर शायद अभी और सहना था,
आंगन में नीम का पेड़ मुरझाने लगा है,
गांव की गलियां सुनसान देखी,
तो लगा गांव भी शहर सा होने लगा है।
तस्वीर टूटने वाली है,
कांच बिखरने वाला है,
एक तूफ़ान सब बरबस हो जाएगा,
रोक ले नहीं तो पराया हो जाएगा।
खौफ आता है इन दरारों से,
जो मेरी चौखट में आई है,
वो दूर खड़ी जो हंस रही है,
मैं हूं या मेरी परछाई है।
दरवाजा बंद नहीं होता,
शायद अकड़ गया है,
देखकर इस पुराने मकान की
हालत मेरा दिल बैठ सा गया है,
मकड़ी के बनाए जाल इस
बात का गवाह है,
वीरान रहा, बारिश, ठंड, धूप,
आंधी सब अकेला ही सहता रहा।
खिले फूल किसी एक कोने में
चुपचाप लहराते रहे,
संदूकों में जंग लग गया,
वो कपड़े, गहने यूं ही सड़ते रहे,
मैं जाऊंगी इस जहां से तो
सबको बता कर जाऊंगी,
किला ढह जाएगा,
शोहरत मलबे में दब जाएगी,
रुतबा बिखर जाएगा,
जमीने भी लूट ली जाएंगी।

रागनी | राजपाल सिंह गुलिया



धूणे पै ज्यूँ साधू तपता,
न्यूँ याह तपती धरती.
आज हवा भी तपी-तपाई,
मरण मारण न फिरती।

रूँख खड़े ये तपैं घाम मैं,
सिर नीचे न करकै.
जबरे आग्गै हीणा कोए,
खड़्या हुया ज्यूँ डरकै.
धूप आज याह दिन धौली में,
खड़ी बरू नै चरती।

फिरैं देख ल्यो ढोर तिसाए,
नहीं झोड़ मैं पाणी.
पेड़ काटण नै कह तरक्की,
दुनिया याह गिरकाणी.

घर तैं भार लिकड़ते लू भी,
छुरी नाड़ पै धरती.

खबर छपी सै और पड़ैगी,
कुछ दिन दबकै गरमी.
नौतपे मैं योह सूरज देवता,
बरतै कोन्या नरमी.
सूरज नै किरणां की लागै,
नई करी सै भरती।

सूरज बाबा दया करो कुछ,
जी लिकड़ण नै होर्या.
पेड़ काट कै माणस अपणी,
इस करणी पै रोर्या
इसी गरमी कदे देख्यी ना,
लाग्यी कहण सुमरती।

गीत | भूपसिंह 'भारती'



## गर्मी का महीना

गर्मी का महीना लू चालै घणघोर।
जेठ मास म्ह गर्मी, दिखलावै अपणा जोर।।

सूख गए सब, ताल तलैया,
ये पंछी मवेशी, प्यासे भैया,
प्यासी धरती मैया, अर प्यासा मरता मोर।

घाम पड़ै यो, चाम जळावै,
ऐडी चोटी लग, पसीनो आवै,
सबनै भोत सतावै, ना दीखै कोई ठोर।

सूरज का भई, देख तरारा,
फूंक दिया, सुख चैन हमारा,
दोषी सा हम सारा, ना दोषी कोई और।
ग्लेशियर भी, पिंघलण लागे,
फूटै भाग जै, इब नहीं जागे,
फेर बुरी हो म्हारै सागे, जै करी नहीं रै गोर।

गर्मी से बचने का, इलाज सै एक,
पेड़ लगाओ, घर घर म्ह अनेक,
कहै 'भारती' देख, बात ना करनी या इग्नोर।

---

कविता | अन्नू प्रिया



## वापस हम नहीं आते

जिन रिश्तों के बिना रह नहीं सकते
उन्हें जरा सी बात लिए रुलाया नहीं करते
जिनके बिना जिंदगी अधूरी लगे
उनकी बातों को जाया नहीं करते

जायज नहीं हरवक्त उन्हें सताना
किसी दिन उनके रुठ चले जाने पर
शायद फिर रिश्तों में आया नहीं करते
ये कसम और वो वादे भी वहीं जाते
जब दिल से लोग उतर जाया करते।

कमियों की दुकान रह जाते हैं रिश्ते
हर गम अपने दिल का, दिल में रखते
हर किसी को बताया भी नहीं करते।
हलक पर आवाज जब सच नहीं बोलते
तो चुप्पियों से जज्बातों के मंजर बदलते
समंदर के तूफान की तरह, बस शांत हो जाते।

कुछ भी न रहा रिश्तों में जब वो फिर आते
तो फिर वो मुझ पर हक क्यों जताते
सोचते हैं जोड़ तोड़ छोड़ में रिश्ते आजमाते
पता नहीं उन्हें, छोड़े हुए रिश्तों में वापस हम नहीं आते।

लघुकथा | गोविन्द भारद्वाज



## दहलीज

किसी के घर में अनहोनी हो गई। घर की इज्जत तार-तार हो गई। सब लोग दहलीज की दुहाई दे रहे थे। उसी समय घर के दरवाजे ने एक तरफ पड़ी पुरानी दहलीज से पूछा, 'आजकल लोग तुम्हारी मर्यादा भूल गए हैं ...किसी को तुम्हारी इज्जत की परवाह नहीं है। जो चाहे वो तुझे अमर्यादित तरीके से पार कर जाता है...ऐसा क्यों?
'दहलीज ने जवाब दिया, 'आज दहलीज ही कहाँ रही है घरों में ...जब दहलीज ही नहीं तो कैसी मर्यादा या अमर्यादा।'
'वो कैसे?' दरवाजे ने पूछा।
'वो ऐसे कि खुद के नीचे झांक कर देख...है कहीं दहलीज..।' दहलीज ने दु:खी मन से जवाब दिया।

कविता | लवली आनंद



## दुनिया का रंग

मुझे दुनिया के रंग
में रंगना नहीं आया,
मुझे दुनिया के ढंग
में ढलना नहीं आया,
समय से चूक कर मैं
बेमौत मारी गई कई बार,
मुझे सूरज की भाँति
ढल कर बस निकलना
ही आया हर बार,
दुःख आया और
दुःख के बाद सुख भी
आया हर बार
पर दुःख में रोना नहीं आया
एक भी बार,
दुःख आते गए दुःख के साथ
संघर्ष भी बढ़ता गया पर
संघर्ष में उफ्फ कर
के भागना नहीं
आया एक भी बार,
बहुत साथी मिले फिर
बिछड़ भी गए जो गए
सो गए मैं उन्हें मुड़ कर
देखी
न एक भी बार,
अब उन सबका
समय ही हिसाब करेगा..

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

पहल | **सौ मीटर की प्रतियोगिता में 10 कदम नहीं दौड़ पाने वाले कुकणा अब 40 किलोमीटर कुछ ही घंटों में नाप रहे**

# उम्र के आखिरी पड़ाव में भी प्रेरणास्रोत बने रामस्वरूप



**गौरव**

**70 वर्षीय पत्नी शांति भी गौरव महसूस कर रही है**

**गुर**

**41 वर्षीय बेटे को भी गुर सीखने शुरू किए**

**परख**

**प्रतियोगिताओं में बेटे की प्रतिभा की परख कर रहे**

जज्बा | दलबीर सिंह भूना

हसंगा गांव के 75 वर्षीय रामस्वरूप कुकणा आज देशभर में लोगों के लिए उदाहरण हैं कि उम्र चाहे जो भी हो अगर हौसले बुलंद हैं तो दूसरों का मोहताज नहीं होना पड़ता, बिना एथलेटिक्स कोच के आज वह अकेले ही आत्मनिर्भरता के साथ एथलेटिक्स खेलों में प्रतिद्वंद्वी प्रतिभागियों को पछाड़ रहे हैं। रामस्वरूप कुकणा ने मुंबई मैराथन 2024 में 42 किलोमीटर की फुल मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान 3 घंटे 39 मिनट 9 सेकंड में दौड़ पूरी करके पहला स्थान हासिल किया। वहीं 21, 10 व 5 किलोमीटर की दौड़ में गोल्ड मेडल जीतना रामस्वरूप कुकणा के लिए बाएं हाथ का खेल बन चुका है। बुजुर्ग के हौसले बुलंद देखकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गोल्ड मेडलिस्ट को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त बेंगलुरू, दिल्ली, लखनऊ, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक, देहरादून आदि राज्यों में अपनी प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर 70 से ज्यादा गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। हालांकि हसंगा गांव के इस बुजुर्ग ने पूरी जवानी को किसानी में लगा दिया,मगर बुढ़ापे में गांव स्तर पर गत 5 वर्ष पहले हुई मनोरंजनदायक दौड़ प्रतियोगिता में कंसे गए कटाक्ष भरे व्यंग्य के बाद चुभती हुई बात सुनकर 75 वर्षीय रामस्वरूप कुकणा की पूरी जिंदगी बदल गई और देशभर में प्रतिभावान एथलेटिक्स बन गए।



### प्रतियोगिता में बदला नजरिया

ग्राम पंचायत हसंगा ने करीब 5 वर्ष पहले मनोरंजन दायक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया था। उपरोक्त प्रतियोगिता में बुजुर्गों की भी दौड़ शामिल की गई थी, जिसमें रामस्वरूप कुकणा ने 70 वर्ष की आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित की थी और जब दौड़ रहे थे तो अचानक जमीन पर जा गिरे। मगर इसी दौरान प्रतिभागी ने रामस्वरूप को चुभती हुई बात कह दी। उसी दिन से ही खेती-बाड़ी को छोड़कर एथलीट खेलों में अपना जीवन समर्पित कर दिया और तब से लेकर आज तक पीछे मुड़कर नहीं देखा। क्योंकि 100 मीटर की प्रतियोगिता में 10 कदम नहीं दौड़ पाने वाले रामस्वरूप कुकणा अब 40 किलोमीटर कुछ ही घंटों में नाप रहे हैं। इसलिए बुढ़ापे की दहलीज पर जाकर नाम रोशन कर रहे हैं।

### बुजुर्ग खिलाड़ी पर गर्व

सरपंच हसंगा के सरपंच वकील सहारण व पूर्व सरपंच सुरेंद्र लांबा ने बताया कि रामस्वरूप कुकणा देशभर में दूर- दराज जाकर एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीतकर हरियाणा का डंका दूसरे राज्य में बजा रहा है। इससे हमारी संपूर्ण पंचायत एवं ग्रामवासी गर्व महसूस करते हैं। एथलेटिक्स ने उम्र के आखिरी पड़ाव में भी दौड़ लगाकर शारीरिक रूप से मजबूत कर लिया है। क्योंकि महाराष्ट्र, बैंगलोर, दिल्ली, लखनऊ जैसे राज्य में एथलीट प्रतियोगिता में प्रथम नंबर पर आना अपने आप में रामस्वरूप कुकणा की उत्कृष्ट प्रदर्शन की एक बहुत बड़ी मिसाल है।

---

# इंजीनियरिंग की नौकरी छोड़ संस्कृति को बढ़ा रहे सुमित

◆ नौकरी से ज्यादा लोक गायकी में बेहतर करियर ◆ हरियाणवी कवियों में से पंडित लखमी चंद आदर्श रहे ◆ लोककला और लोक गीतों की स्थिति दयनीय

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति में रची बसी सांग और रागनियों की गूंज सात समंदर पार तक सुनाई देती है। इसका श्रेय सूबे के लोक कलाकारों को है, जिसमें हरियाणवी लोक संस्कृति की अलख जगाने के लिए अलग विधाओं में हरियाणा को पहचान दी है। ऐसे ही लोक कलाकारों में हिसार के सुमित सातरोड ऐसे रागनी गायक हैं, जिन्होंने सामाजिक, आध्यात्मिक, वीर रस की गाथाओं की विधाओं में अपनी अलग पहचान बनाई है। वहीं सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को रागनी गायन के जरिये समाज के सामने परोसते हैं। सुमित ने समाज को सकारात्मक दिशा देने के लिए इंजीनियर की नौकरी को त्यागकर रागनी गायन शैली को अपनाया है। लोक कला के क्षेत्र में गायन शैली के दो दशक से ज्यादा के सफर को लेकर बुलंदियां छूते सुमित सातरोड ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे अनुछुए पहलुओं को उजागर किया है, कि लोक कला के जरिए समाज में फैली कुरितियों को दूर करके सामाजिक समरसता की अलख जगाई जा सकती है।

लोक गायक सुमित सातरोड का जन्म 01 जनवरी 1974 को हिसार में गांव सातरोड में एक सामान्य परिवार में शिवकुमार शर्मा व संतोष देवी के घर में हुआ। जब वह तेरह साल के थे तो 1987 में उनके पिता का निधन हो गया था, जो एक सरकारी नौकरी में थे। पिता के निधन से पूर्व हमारी माता को नौकरी मिली, जिन्होंने हमारे लालन पालन और पढ़ाई का पूरा





ध्यान रखा और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग भी कराई। बकौल सुमित उन्हें बचपन से ही संगीत का बहुत शौक था, परंतु परिवार में किसी प्रकार का कोई संगीत या कला का माहौल नहीं था और परिवार में उनके अलावा किसी अन्य सदस्य की इस क्षेत्र रुचि थी। सुमित को बचपन से नृत्य का अधिक शौक रहा। उनके गांव में हर छह महीने में गायन के लिए सुप्रसिद्ध लोकगायक मास्टर सतबीर सिंह भैंसवाल आते थे। उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जब अपने गांव में मास्टर सतबीर सिंह भैंसवाल का गाना सुना, तो उन्हें पहली बार यह अहसास हुआ कि इस लोक गायकी से अच्छा कुछ नहीं है और तभी से उन्होंने भी अपना सारा ध्यान इसी लोक गायन संस्कृति पर केंद्रित करना शुरू कर दिया। उनके गायन शैली की शुरुआत साल 2000 भजन से की, जिसके बाद इतिहास और गाथाओं से जुड़े किस्सों पर रागनी गायन शुरू किया। हालांकि इसके लिए उन्हें घर परिवार और अपने संघी साथियों के विरोध का भी सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपने लक्ष्य की तरफ ध्यान केंद्रित रखा और अपनी राह पर आगे बढ़ता रहा। वैसे भी हरियाणवी कवियों में से पंडित लखमी चंद मुख्य रूप से उनका आदर्श रहे, वहीं लोक गायन शैली में पं. लखमी के शिष्य पंडित मांगेराम और शहीद कवि जाट मेहर सिंह की गायन शैली से भी वह बहुत प्रभावित हैं। लोक संस्कृति पर उनकी रागनी गायकी का फोकस रहा है। उनकी गायन शैली में आध्यात्मिक व सामाजिक शास्त्र और श्रृंगार रस का समावेश भी रहा है।

### सम्मान व पुरस्कार

रागनी गायक शैली के लोक कलाकार सुमित सातरोड ने विभिन्न विधाओं में अपनी कला के हुनर से हरियाणा ही नहीं, देश के कई राज्यों में सांस्कृतिक मंचों पर सम्मान पाया है। इसमें बाबा रामदेव की बायोपिक में गौ माता के भजन के ही करीब 15 सांस्कृतिक रत्न के रुप में पतंजलि योगपीठ से सांस्कृतिक अवार्ड शामिल हैं। इसके अलावा रागनी प्रतियोगिताओं और गांवों के मंच पर सैकड़ो पुरस्कार सम्मान उनके नाम दर्ज हैं।

### सोशल मीडिया का प्रभाव चिंतनीय

आज के इस आधुनिक युग में लोककला और लोक गीतों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। आज के इस सोशल मीडिया युग में हमारे मूल गीतों को दबाया जा रहा है, क्योंकि नाबालिग बच्चों के हाथों में मोबाइल फोन है और वह इस आकर्षण में फंसते जा रहे हैं। बच्चों का हमारी मूल संस्कृति के प्रति कम रुझान है। लोक गायक सुमित सातरोड ने सामाजिक, अध्यात्म और लोक संस्कृति को अपनी कला से आगे बढ़ाने के लिए दस साल की इंजीनियरिंग की नौकरी को छोड़ दिया था। उनका कहना है कि नौकरी से ज्यादा अच्छा लोक गायकी के क्षेत्र में बेहतर करियर दिखा। सुमित का कहना है कि हरियाणा में पहले पहले नाट्य स्वांग का प्रचलन शुरू हुआ था, इसके बाद फिर सन 1920 के आसपास पंडित लखमी चंद ने रागनी गायन के दौर की शुरुआत की, जिसमें इसमें मटका, बेंजो, हारमोनियम सब बजाए जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### एडवोकेट बलबीर ने किया मुखर्जी को नमन

**बहादुरगढ़।** वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट बलबीर सिंह ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके अनुसार मोदी व मनोहर सरकार मुखर्जी के आदर्शों और सिद्धांतों को आगे बढ़ा रही है। उनके विचारों में भारतीयता के चिंतन की छाप थी। मुखर्जी के जीवन दर्शन को आत्मसात करके युवा पीढ़ी को राष्ट्र की तरक्की व उन्नति के लिए सेवा तथा समर्पण की भावना से काम करना चाहिए।

### नीना ने दी मुखर्जी को श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष डॉ. नीना सतपाल राठी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक नमन किया। उनके अनुसार मुखर्जी द्वारा की राष्ट्र के प्रति समर्पण, सेवा व त्याग की विचारधारा को भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता आगे बढ़ा रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हर वर्ग की भलाई का काम धरातल पर करके मुखर्जी के अंत्योदय की भावना को साकार करने में लगी है।

### मारपीट व धमकी देने के तीन आरोपी काबू

**कोसली।** नया गांव जाटों वाला में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 18 जून को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने गांव निवासी प्रदीप रितिक व संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार भी कब्जे में ले ली है।

### मोटर व्हीकल एक्ट के तहत एक गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने व मोटर व्हीकल एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मोटर व्हीकल एक्ट की उल्लंघना के चलते एक गाड़ी चालक ने सड़क हादसे को अंजाम दिया था। इसके बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने 2 जून को केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू की थी। राजस्थान के हुड़िया खुर्द निवासी सचिन को गिरफ्तार किया।

## पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी पारी का किया आगाज

# बेरी विधानसभा कार्यकर्ताओं ने किया धर्मेंद्र प्रधान का स्वागत

- विक्रम कादियान ने धर्मेंद्र प्रधान को गदा भेंट की8

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

रविवार को आईएमटी चौक पर बेरी विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिलाध्यक्ष विक्रम कादियान के नेतृत्व में हरियाणा प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और सीएम नायब सिंह सैनी का जोरदार स्वागत किया। विक्रम कादियान ने हरियाणा के प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान को गदा भेंट करते हुए हरियाणा आगमन पर स्वागत किया। धर्मेंद्र प्रधान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी पारी का आपके आशीर्वाद से आगाज किया है। अब हरियाणा में आपकी जिम्मेदारी बनती है कि डबल इंजन की सरकार को आशीर्वाद देकर हरियाणा के विकास को सुनिश्चित करें क्योंकि भाजपा पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अंत्योदय के सपने को साकार कर सकती हैं। उन्होंने विक्रम कादियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे जुझारू युवा दिन-रात आमजन की सेवा में लगे हुए है। अबकी बार आपने बेरी हलके की में कमल खिला करके हरियाणा में भाजपा की सरकार को सुनिश्चित करना है। वहीं रोहतक जिले में कमल का फूल खिला करके भाजपा को मजबूत करके देश को विकास की ओर अग्रसर करना है। उन्होंने विक्रम कादियान और बेरी हलके की जनता का आभार व्यक्त किया। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि विक्रम कादियान जैसे निष्ठावान कार्यकर्ताओं की बदौलत से ही भाजपा झज्जर जिले के गांव-गांव में पहुंची है। आज घर-घर में कमल के फूल के माध्यम से पीएम नरेंद्र मोदी का संदेश पहुंच गया है। इसके लिए बेरी हलके के भाजपा कार्यकर्ता बधाई के पात्र है।



झज्जर। हरियाणा प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का स्वागत करते हुए विक्रम कादियान। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। नशे के दुष्प्रभाव के प्रति आमजन को जागरूक करते हुए एसीपी शमशेर सिंह। फोटो : हरिभूमि

# नशा मुक्त समाज का निर्माण हम सभी की जिम्मेदारी

- परीक्षार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत रविवार को जिला पुलिस द्वारा नीट परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। एसीपी शमशेर सिंह ने बताया कि नशा एक अभिशाप है हम सबको मिलकर इसे समाज से दूर भगाना है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज का निर्माण करना हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देना होगा कि कहीं आपका बच्चा किसी प्रकार का नशा तो नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि नशे की पूर्ति के लिए युवा अपराध की तरफ बढ़ जाते हैं, क्योंकि नशे की पूर्ति के लिए उन्हें पैसों की जरूरत पड़ती है और पैसों के लिए वे चोरी, लूटपाट, छीना-झपटी जैसी वारदातों को अंजाम देने लग जाते हैं। इसलिए हमें अपने बच्चों के अलावा आसपास क्षेत्र में भी लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नशे का कारोबार करने वाले लोगों की सूचना पुलिस को दें, सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# लंबित मांगों को लेकर आज काले बिल्ले लगाकर रोष जताएंगे एनएचएम कर्मचारी

## मांगे नहीं मानी तो 7 जुलाई का घेरेंगे सीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

लंबित मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारी सोमवार को काले बिल्ले लगाकर सरकार के प्रति रोष जताएंगे। एनएचएम कर्मचारी संगठन के प्रदेश महासचिव हरिराज ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को पूरा कराने की मांग की जा रही है जिन्हें सरकार द्वारा पूरा नहीं किया गया। अब कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर के कर्मचारियों द्वारा काले बिल्ले लगाकर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। यदि सरकार द्वारा आगामी जून तक उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो वे अगले माह 7 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने को मजबूर होंगे। संगठन द्वारा जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार 24 जून को कर्मचारियों द्वारा काले बिल्ले लगाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा, 25 से 27 जून तक एनएचएम कर्मचारी अपनी-अपनी संस्थाओं पर प्रतिदिन प्रातः एक घंटे के कार्य का बहिष्कार करेंगे। 28 जून को कर्मचारियों द्वारा उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री आवास के घेराव की सूचना दी जाएगी। इसके उपरांत एक से छह जुलाई तक गेट मीटिंग का आयोजन कर कर्मचारियों द्वारा घेराव की तैयारी की जाएगी।

# जलघर परिसर में आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

- सच्चादास बाबा की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

रविवार को सांपला रोड स्थित जलघर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजक समिति सदस्य सुरेश ठेकेदार ने बताया कि जलघर स्टॉफ, ठेकेदार व रिटायर्ड कर्मचारियों के सहयोग से राम जोहड़ी वाले सच्चादास बाबा की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में इस दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। सुबह यज्ञ-हवन व कन्या पूजन के साथ विधिवत रूप से भंडारे की शुरूआत की गई। भंडारे में शहर के अलावा निकटवर्ती गांवों के सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व यहां सत्संग का आयोजन भी किया गया था जिसमें गायक कलाकारों द्वारा भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। इस दौरान अनूप, महाबीर, बलवान जांगड़ा, सतबीर शर्मा, राकेश, विष्णु जांगड़ा, दिलबाग चाहर, रणबीर चाहर आदि ने सेवाएं दीं।



झज्जर। जलघर परिसर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु।

# सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक

- हाइब्रिड मोड के माध्यम से प्री-कंसिलीएटॉरी बैठकें आयोजित की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार बंसल ने बताया कि आगामी 29 जुलाई से तीन अगस्त तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस से संबंधित पार्टियां आपसी सहमति के साथ यदि विशेष लोक अदालत के सामने रखना चाहती है तो वे स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में जमीनी विवाद, मोटर व्हीकल से जुड़े मामले, घरेलू हिंसा, नौकरी से संबंधित मामले सहित कई अन्य प्रकार के मामलों में सुलह के लिए आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड के माध्यम से प्री-कंसिलीएटॉरी बैठकें आयोजित की जाएगी। जिसमें पार्टियों के मध्य सुलह की संभावनाओं को परखते हुए ऐसे मामलों पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिन मामलों में पार्टी सरकार है ऐसे मामले विशेष लोक अदालत में निपटाए जाने की संभावना है।

# प्राची धनखड़ ने जीता कांस्य पदक

**झज्जर।** रूस में चल रही ब्रिक्स इंटरनेशनल प्रतियोगिता में शहर की महिला मुक्केबाज प्राची धनखड़ ने कांस्य पदक हासिल कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि प्राची ने यह पदक भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 63 किलोग्राम भारवर्ग में जीता है। उन्होंने बताया कि प्राची बहुत ही मेहनती खिलाड़ी है। पहले भी वह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुकी है। साधारण किसान परिवार से संबंध रखने वाली प्राची ने जीत का श्रेय कोच हितेश देशवाल व अपने अभिभावकों द्वारा दिए गए प्रोत्साहन को दिया है। उन्होंने प्राची धनखड़ को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कांस्य पदक विजेता प्राची धनखड़।

# पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन

- स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी के बाद फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे, जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, उनको वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। डीसी ने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा।

दोनों ही पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपए की राशि एवं एक मेडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा।

डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, जिला कलेक्टर-जिला मजिस्ट्रेट, पंचायती राज संस्थाएं, सभी केंद्रीय और राज्य स्कूल बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान, सामाजिक न्याय मंत्रालय, विकलांग विभाग, शिक्षा मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा के सभी राज्य विभाग, युवा मामले मंत्रालय, खेल विभाग, भारतीय खेल प्राधिकरण, संस्कृति मंत्रालय, विज्ञान मंत्रालय और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और वन मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय और प्रेस सूचना ब्यूरो सहित राष्ट्रीय चयन समिति नॉमिनेट कर सकती हैं।

## एनईईटी पुन:परीक्षा



झज्जर। परीक्षा केंद्र परिसर में तैनात सुरक्षाकर्मी। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। परीक्षा देकर लौटते हुए परीक्षार्थी। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। परीक्षा के बाद प्रश्न पत्र दिखाते हुए परीक्षार्थी। फोटो : हरिभूमि

### मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना का ड्रा आज

**रेवाड़ी।** एडीसी अनुपमा अंजलि ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत सोमवार 24 जून को दोपहर 12 बजे शहर के केएलपी कॉलेज में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्लेटफार्म पर प्लाट आवंटन के लिए कमेटी के समक्ष ऑनलाइन ड्रा निकाला जाएगा। एस्टेट मैनेजर डीएचएफए एवं सदस्य सचिव को पूरी ऑनलाइन ड्रा प्रक्रिया की एक्सईएन डीएचबीवीएन को बिजली सप्लाई के पुख्ता प्रबंध करने के साथ पावर बैकअप के साथ जनरेटर सेट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है।

### ई-रिक्शा व कार की बैट्रियां ले गए चोर

**रेवाड़ी।** कुतुबपुर में चोर एक ई-रिक्शा और कार की पांच बैट्री चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में धर्मेंद्र ने बताया कि सुबह जब वह उठकर अपनी ई-रिक्शा के पास गया तो उसकी 4 बैट्री गायब मिली। उसने आसपास बैट्री चोरी के बारे में पूछताछ शुरू की तो पता चला कि चोर राजकुमार की स्विफ्ट कार का शीशा तोड़कर बैट्री चोरी कर ले गए।



बहादुरगढ़। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते डॉ पंकज जैन व भाजपा कार्यकर्ता।

# पंकज जैन ने किया मुखर्जी को नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. पंकज जैन ने सेक्टर-6 स्थित कार्यालय पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए जैन ने कहा कि मुखर्जी ने सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य किया। वे एक देश-एक कानून के समर्थक थे। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार मुखर्जी के सपनों को साकार कर रही है। अंत्योदय की भावना के तहत आमजन की भलाई का कार्य सत्ता के माध्यम से किया जा रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी भी समाज की अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति को लाभकारी योजनाओं के माध्यम से लाभांवित कर रहे हैं।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाना जरूरी : शंकर

# मोक्ष धाम में जादूगर सम्राट शंकर ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

आधुनिक युग में विभिन्न मंचों पर मनोरंजन के साधन लोगों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन परिवार के साथ मैजिक शो देखना एक अलग ही आनंद की अनुभूति देता है। जादू भारत की एक अद्भुत कला है। इसे जीवंत रखने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। यह बात विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट शंकर ने गाजीकमाल रामबाग मोक्ष धाम में पौधरोपण करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्थानीय जिला मुख्यालय पर भी पिछले चार दिनों तक जादू के शो का आयोजन किया गया। उन्होंने अन्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए दिए गए संदेश में पौधरोपण को जरूरी बताते हुए कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें भी पौधरोपण करने का अवसर मिला है। इस मौके पर विनीत पोपली, मनोज तलवार, धर्मेंद्र बसवाल, एडवोकेट पंकज शर्मा, नवींद्र कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। बता दें कि मिशन छाया, रामबाग मोक्ष धाम सेवा समिति एवं आप और हम सोशल वेलफेयर सोसायटी के निमंत्रण पर जादूगर शंकर अपनी टीम के साथ पौधारोपण करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे धरा के अनमोल आभूषण होते हैं। उनसे ही मनुष्य का जीवन आगे बढ़ता है। इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। उन्होंने श्मशान घाट में भी लोगों की कलाई घड़ी का समय बदल कर अपनी जादूई कला का लोहा मनवाया।



झज्जर। रामबाग में समिति एवं टीम सदस्यों के साथ पौधारोपण करते हुए जादूगर सम्राट शंकर। फोटो : हरिभूमि

### जादू के शो के दौरान भी दिए सामाजिक संदेश

सिरसा के ऐलनाबाद में जन्मे जादूगर सम्राट शंकर ने स्थानीय पीएमश्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किए गए मैजिक शो के दौरान जहां दर्शकों को हैरत में डालने वाले जादूई कारनामे दिखाए वहीं मनोरंजन के साथ-साथ लोगों में पर्यावरण बचाने, गीता के संदेश, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नशा मुक्ति जैसे विषयों के संबंध में जागरुक भी किया।



बहादुरगढ़। सेक्टर-2 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते नवीन बंटी व अन्य।

# बंटी ने किया मुखर्जी को नमन

**बहादुरगढ़।** भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी के अनुसार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए समर्पित रहा। भारतीय जनसंघ की स्थापना करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सोच और राष्ट्रवादी विचारधारा सदैव देश के नागरिकों का मार्गदर्शन करती रहेगी। मुखर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करते हुए नवीन बंटी ने कहा कि भाजपा सरकार उनके सपनों को साकार करते हुए अंत्योदय की भावना के साथ राष्ट्र की सेवा और आमजन की भलाई कर रही है।

खबर संक्षेप

## योजना के अंतरगत प्लाटों का ड्रा आज

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि सोमवार को प्रदेश सरकार द्वारा हाउसिंग फॉर आल के उद्देश्य को लेकर शुरू की गई मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना से नागरिकों का अपने घर का सपना साकार होगा। ऐसे में पात्र लाभार्थियों को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू कालेज आडोटोरियम में निकाले जाने वाले ड्रा के माध्यम से प्लाट आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ड्रा को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जिला के लगभग 851 आवेदकों ने प्लाटों के लिए आवेदन किया हुआ है।

## 40 से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता का प्रावधान

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि किसानों और मछली पालन का धंधा करने वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना आर्थिक स्थिति मजबूत करने में वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला में उन गांवों के लोगों को मत्स्य पालन के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिन गांवों में बरसात के पानी के ठहराव होता है या भूमि बंजर है।

### सरकार से जुड़े नेता भी जलनिकासी का इंतजाम करने में पूरी तरह विफल

# सैनीपुरा से शास्त्री नगर तक गंदे पानी से बने नारकीय हालात

शहर के वार्ड-12 और वार्ड-14 के मध्य से गुजर रहे टीकरी गोंडा (सैनीपुरा रोड) पर पिछले डेढ़ महीने से नाला निर्माण अटका हुआ था। जो काफी प्रयास के बाद शुरू हुआ और फिर दो दिन से ठप है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। सैनीपुरा में तालाब का रूप ले चुका गंदा पानी व शास्त्री नगर में गंदा पानी दिखाते स्थानीय निवासी। फोटो : हरिभूमि

पहली बरसात के बाद ही शहर का टीकरी गोंडा (सैनीपुरा) और नीलवाल गोंडा (शास्त्री नगर) पूरी तरह से गंदे पानी के तालाब में तब्दील हो गए। जिस कारण लोगों को एक तरफ आवागमन में दिक्कत हो रही है, वहीं बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। हालांकि यहां नाम बड़े और दर्शन छोटे वाले नेताओं की भरमार है। सरकार में सीधा हस्तक्षेप रखने का दावा करने वाले ये नेता जलनिकासी की व्यवस्था करवाने में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं।

बहादुरगढ़ में प्री-मानसून ने दस्तक दे दी है। पहली ही बारिश ने नगर की जल निकासी की पोल खोल कर रख दी है। शहर के वार्ड-12 और वार्ड-14 के मध्य से गुजर रहे टीकरी गोंडा (सैनीपुरा रोड) पर पिछले डेढ़ महीने से नाला निर्माण अटका हुआ था। जो काफी प्रयास के बाद शुरू हुआ और फिर दो दिन से ठप है। यहां महीनों से पानी जमा था, लेकिन पहली बरसात के बाद ही गंदे पानी का तालाब कॉलोनी की तरफ बढ़ने लगा है। स्थानीय निवासी जयभगवान व धर्मबीर राठी के अनुसार पहले लोगों को सेक्टर-9 की तरफ आवागमन में परेशानी थी, लेकिन अब अपने घरों में घुसना भी मुश्किल हो गया है। इसके साथ ही वार्ड-14 के ही शास्त्री नगर में भी पानी की निकासी नहीं होने के कारण जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

यहां गंदा पानी जमा होने से स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विजय पंडित, अशोक सैनी, दीपक कौशिक, सुनील रंजन, इंद्रेश कुमार, पंकज, फूलचंद, चांद, सुखबीरी देवी, भरपाई देवी, संतोष, आरती, कमला, संजय कुमार आदि ने कहा कि सीवर के गंदे पानी की वजह से यहां महामारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।

शहर के विभिन्न इलाकों में जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान करने में नगर परिषद और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अपेक्षित दिलचस्पी नहीं ले रहा है। जिसके कारण समस्या खत्म होने की बजाय बढ़ रही है। दोनों जगहों पर रहने वाले लोगों ने अविलंब निकासी के इंतजाम करने और नारकीय जीवन से मुक्ति दिलाने की मांग की है।



बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी से मुलाकात करते नया गांव के प्रतिनिधि।

## सीएम से मिली नया गांव सैनियान की पंचायत

**बहादुरगढ़।** रविवार को दिल्ली के हरियाणा भवन में नया गांव सैनियान की पंचायत ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। सरपंच रोहताश सैनी ने मुख्यमंत्री को विस्तार से नया गांव में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही प्रस्तावित दर्जनभर विकास कार्यों की सूची सौंपी। उनके अनुसार बारिश से पहले जोहड़ की सफाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री से इन विकास कार्यों के लिए ग्रांट जल्द ही मंजूर करने की प्रार्थना की। भाजपा नेता रामकंवार सैनी ने उन्हें राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी दी। सीएम की कार्यशैली को सराहा और अधिकारियों की शिकायत की। इस अवसर पर मनदीप, राजेंद्र सैनी, संजय सैनी व संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते समिति सदस्य।

## सीएम से मिलकर समिति ने लगाई गुहार

**बहादुरगढ़।** शहर की समस्याओं को लेकर सार्थक सेवा समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलकर गुहार लगाई। ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी के साथ समिति प्रधान एनएस कपूर, एसएम पाल, ज्ञान सैनी, महावीर जांगड़ा व सोमपाल दलाल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने सेक्टर-9ए में सीनियर सिटीजन क्लब बनवाने, महर्षि दयानंद पार्क में शौचालय की व्यवस्था करने, बहादुरगढ़ शहर की जर्जर सड़कों की रिपेयर, सेक्टर-9ए के कम्युनिटी सेंटर की मरम्मत आदि की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने सभी जनहित की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

# खैरपुर में 172 ने करवाई आंखों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने गांव खैरपुर में रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ किया। कैंप में परफेक्ट लेजर आई सेंटर के डॉ. विक्रम छिल्लर की टीम ने 172 लोगों की आंखों की जांच की। इस दौरान 132 लोगों को चश्मा लगाने योग्य पाया गया तथा 14 लोगों को मोतियाबिंद या अन्य कारणों से ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया। छिल्लर ने सभी 132 लोगों को चश्मे प्रदान किए। बताया कि वे वर्ष 2016 से लगातार हर रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच कैंप लगवा रहे हैं। इन कैंपों में अब तक 3234 लोगों की आंखों का ऑपरेशन करवा चुके हैं। इस अवसर पर पंडित मोहन, राकेश पहलवान, जितेंद्र उर्फ जीतू सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।




बहादुरगढ़। खैरपुर में लगे कैंप में ग्रामीणों के साथ रविंद्र छिल्लर बराही। फोटो : हरिभूमि

# शिविर में 71 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के ओमेक्स इलाके में स्थित एक जिम में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ जीत राठी व चंद्रकांत यादव ने दीप प्रज्जवलित करने के साथ ही रिबन काट कर किया। शिविर में कुल 71 युवाओं ने रक्तदान किया। रक्त संचय ब्रह्मशक्ति अस्पताल ब्लड बैंक की टीम द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में वरिष्ठ कांग्रेस नेता वेद प्रधान ने आपात स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरतमंद की जिंदगी बचाने में मदद मिलती है। जिम संचालक अमित राठी ने रक्तदाताओं को टीशर्ट व प्रोटीन शेकर देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भगत सिंह मैत्री संस्था के अध्यक्ष प्रदीप यादव, समाजसेवी वीरेंद्र मास्टर, ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल के मैनेजर विक्की शर्मा, सुनील चौहान, नीरज, आकाश राठी, मोहित, राजकुमार सेठी व सुमन शर्मा आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते आयोजक व अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## आरटीओ स्टॉफ द्वारा इंपाउंड की गई गाड़ी ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- ओवरलोड गाड़ी की रोड़ियां सड़क पर उतार गए चोर

आरटीओ स्टॉफ द्वारा ओवरलोड होने की वजह से इंपाउंड किए गए वाहनों की पार्किंग से गाड़ी चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में जिले के दरियापुर गांव निवासी प्रदीप कुमार पुत्र खजान सिंह ने बताया कि उसने आरटीओ स्टॉफ द्वारा ओवरलोड में पकडे.गए वाहनों की पार्किंग का ठेका ले रखा है। इसके लिए झज्जर-रेवाड़ी मार्ग पर सिलानी गांव के नजदीक ठेके पर जमीन लेकर बनाई गई पार्किंग में वह वाहनों का खड़ा करता है। बीती 16 जून को इंपाउंड होकर आई एक गाड़ी भी उन्होंने वहीं पार्किंग में खड़ा किया था जो 22 जून को चोरी हो गई। चोर उसमें भरी हुई रोड़ियों को सड़क पर ही उतार गए। उसने अपने स्तर पर भी चोरी हुई गाड़ी की तलाश की लेकिन वह नहीं मिली। उसने पार्किंग में चौकीदारी के लिए उखलचना कोट निवासी साहिल को भी चौकीदार लगा रखा है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वार्ड-26 में 260 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी द्वारा रविवार को वार्ड-26 के शिव मंदिर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जीवन ज्योति अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने 260 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और जरूरत अनुसार दवाइयां प्रदान की। शिविर में लोगों के एचबी, बीपी व शुगर की भी जांच भी की गई। नेत्र रोग विशेषज्ञ ने लोगों की आंखें जांचने के बाद 178 लोगों को चश्मा लगाने योग्य पाया। नवीन बंटी के भाई प्रवीन ने इन 178 लोगों को चश्मे प्रदान किए। अस्पताल के मैनेजर आशीष भारद्वाज ने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।



बहादुरगढ़। कैंप में मौजूद वार्डवासियों के साथ नवीन बंटी के भाई प्रवीन। फोटो : हरिभूमि

## रात को घूमने निकले दोस्तों को आया नींद का लटका, लगा बाइक व आईफोन चोरी होने का झटका

**झज्जर।** कंवर सिंह कालोनी में किराए पर रहने वाले एक निजी कंपनी के कर्मचारी ने मोटरसाइकिल व दोस्त का आईफोन चोरी होने की शिकायत पुलिस को दी। सोनीपत जिले के जसराना गांव निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह अपने दोस्त जसबीर निवासी दरियावाला जिला जींद के साथ कंवर सिंह कालोनी में किराए के मकान में रहता है तथा प्राइवेट नौकरी करता है।

बीती 20 जून की रात करीब ग्यारह बजे वे दोनों मोटरसाइकिल पर डाईवर्सन रोड स्थित रामबाग की तरफ घूमने गए थे। वहां बैठे-बैठे उन दोनों को नींद आ गई। अमित कुमार के अनुसार अलसुबह करीब साढ़े चार बजे जब उनकी नींद खुली तो जहां उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी थी वहीं उसके दोस्त जसबीर का आईफोन भी किसी ने चुरा लिया था। उन्होंने अपने स्तर पर तलाश भी की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# परनाला गांव में किया जागरूक

- ग्रामीणों को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से अवगत करवाय
- जगह-जगह फैला प्लास्टिक सभी के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

किसान मजदूर उत्थान मोर्चा और ब्रह्म सेवा समिति ने बहादुरगढ़ से सटे परनाला गांव में जागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीणों को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से अवगत करवाया गया। समिति अध्यक्ष दिनेश ने बताया कि जगह-जगह फैला प्लास्टिक सभी के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। मोर्चा संचालक सुमित छिकारा ने कहा कि सरकार को शहरों से बाहर प्लास्टिक पार्क बनाने चाहिएं। ताकि स्वच्छ हरियाणा एवं स्वस्थ हरियाणा का निर्माण हो सके।




बहादुरगढ़। परनाला में ग्रामीणों को जागरुक करते दिनेश व सुमित छिकारा। फोटो : हरिभूमि

# मॉनिटरिंग के लिए पंचकूला से आए अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे टाबर उत्सव की मॉनिटरिंग के लिए पंचकूला से अधिकारी बहादुरगढ़ पहुंचे। विदित है कि एक जून को यह उत्सव शुरू हुआ था और 30 जून को संपन्न होगा। टाबर उत्सव के प्रोजेक्ट हेड और स्कल्पचर कला अधिकारी हृदय कौशल ने कैंप का निरीक्षण किया।

हृदय कौशल ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को देखते हुए कुछ होनहार छात्रों को दिल्ली के श्रीराम स्कूल ऑफ आर्ट में साप्ताहिक कक्षा अटेंड करवाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि 12वीं कक्षा के बाद देश के 6 बड़े कला संस्थानों में हर साल लगभग 16 लाख विद्यार्थी अप्लाई करते हैं। जिनमें से चुनिंदा छात्रों का चयन होता है। हरियाणवी कला और संस्कृति को बचाने के लिए अब तक उन्होंने 44 आर्टिस्टों की टीम तैयार की है। स्कूल में टाबर उत्सव संबंधी गतिविधियां संचालित करने में स्कल्पचर और फाइन आर्ट्स इंस्ट्रक्टर सुनीता छिल्लर, सुनीता जून और फाइन आर्ट्स प्रवक्ता रश्मि वर्मा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। स्कूल प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र सैनी ने इस रचनात्मक शिविर के लिए स्कूल का चयन करने पर हृदय कौशल का आभार जताया। इस अवसर पर सुरेश वर्मा, राकेश वत्स, रविंद्र कुमार, रवि कुमार और जितेन आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। टाबर उत्सव का निरीक्षण करते प्रोजेक्ट हेड हृदय कौशल। फोटो : हरिभूमि

## नशे के विरुद्ध फिर से दौड़ लगाएंगे युवा

**बहादुरगढ़।** खेल प्रशासक डॉ. ललित भनोट के जन्मदिन पर एक बार फिर रन अगेंस्ट डोप का आयोजन किया जाएगा। पूर्व एशियाड एथलीट चरण सिंह राठी ने बताया कि गत वर्षों की तरह इस बार भी 31 जुलाई को सुबह 8 बजे नशे के विरूद्ध दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के-लड़कियों के लिए एक किलोमीटर की होगी। भीम अवार्डी चरण सिंह राठी ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के-लड़कियों के लिए 3 किलोमीटर की है और 18 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग के पुरुष एवं महिलाओं के लिए 5 किलोमीटर की है। यह दौड़ सराय औरंगाबाद में डॉ. ललित भनोट एथलेटिक्स अकादमी के निकट सेक्टर-2 में आयोजित की जाएगी। उनके अनुसार बहादुरगढ़ की युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए और युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए इस दौड़ का आयोजन किया जाएगा। एक जुलाई से पंजीकरण शुरू होगा। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। उनके अनुसार इस दौड़ में हजारों की संख्या में बच्चे हिस्सा लेंगे। सीनियर खिलाड़ी गांवों में जाकर युवाओं को खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। स्कूलों के खुलने के बाद शिक्षण संस्थानों में भी संपर्क किया जाएगा। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने और बेहतरीन प्रदर्शन की कामना से यज्ञ भी किया जाएगा।

